दिनांक-19.11.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम उपायुक्त अशोक द्विवेदी द्वारा रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम , भिलाई के उपायुक्त अशोक द्विवेदी के द्वारा बीती रात निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में चल रहे रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। श्री द्विवेदी ने स्वच्छता निरीक्षकों को सफाई कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। सफाई कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी जवाबदारी तय कर जिम्मेदार के उपर कार्यवाही की जावेगी।

उपायुक्त श्री द्विवेदी द्वारा जोन क्रमांक 01, 02, 03, 04 के अंतर्गत छावनी थाना के सामने , फल सब्जी मण्डी, रविशंकर शुक्ल मार्केट , पावर हाउस बस स्टैण्ड , गोलमार्केट, जवाहर मार्केट, आकाश गंगा, दक्षिण गंगोत्री मार्केट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नागरिकों से चर्चा करते हुए नियमित सफाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने नगर निगम जोन के समस्त आयुक्तों को स्पष्ट निर्देश जारी किया गया कि वे अपने-अपने प्रभार वाले वार्डों में नियमित रुप से साफ-सफाई एवं रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर की जा रही कार्यवाही से मुझे अवगत करावें। सफाई कार्य में लापरवाही एवं कार्य स्थल पर अनुपस्थित पाये जाने वाले अधिकारी , कर्मचारियों के संबंध में कार्यवाही किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित करें। मेरे द्वारा स्वयं आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है मौके पर जो भी अधिकारी, कर्मचारी अपने प्रभार वाले वार्डों में अनुपस्थित पाये जाने की स्थिति में सीधी कार्यवाही की जावेगी।

जनसम्पर्क अधिकारी